# मोदी सरकार विदेश नीति के मोर्चे पर पूरी तरह विफल : कांग्रेस

## वेणुगोपाल ने नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों को सुधारने के बजाय बीजिंग की ओर झुकाव को रोग बताया है

पटना, एजेंसी।

बिहार की राजधानी पटना स्थित सदाकत आश्रम में हुई कांग्रेस कार्य समिति की बेठक में विदेश नीति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर कड़ा प्रहार किया गया है। प्रस्ताव की जानकारी देते हुये कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पारित राजनीतिक प्रस्ताव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति दिशाहीन, असंतुलित और राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होने पर विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि इससे देश की रणनीतिक स्वायत्तता को अमेरिका और चीन के बीच झूलते फैसलों की भेंट चढ़ा दिया गया है और भारत की वैश्विक साख पर गंभीर असर पड़ा है। महासचिव श्री वेणुगोपाल ने बताया कि कार्यसमिति की बेठक में पारित प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों का भी ज़िक्र हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत को कथित रूप से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिये मजबूर किया और नरेंद्र मोदी सरकार ने इस मुद्दे पर कभी ईमानदारी से जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि, 'इसके बदले में भी भारत को कुछ नहीं मिला। उल्टा अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर भारी टैक्स लगाकर भारत के



लाखों श्रमिकों के रोजगार को संकट में डाल दिया है।

महासचिव श्री वेणुगोपाल ने कहा कि प्रस्ताव में सेकड़ों भारतीय नागरिकों को अमेरिका में गिरफ्तार कर हाथकड़ी लगाई गई, उन्हें सैन्य विमानों से वापस भेजा गया और ट्रंप प्रशासन ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल जेसी कंपनियों से भारतीयों की भर्ती बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा H1B वीज़ा नीति में कठोर बदलाव के कारण लाखों भारतीयों का अमेरिकी भविष्य अब खतरे में है और भारत सरकार इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

वेणुगोपाल ने नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों को सुधारने के बजाय बीजिंग की ओर झुकाव को रोग बताया है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में इस बात पर भी चर्चा हुई कि चीन भारत की भौगोलिक अखंडता, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक संप्रभुता के लिये बड़ा खतरा बना हुआ है। कई सैन्य और असैन्य सूत्रों ने पुष्टि की है कि चीन ने अब भी भारत की सीमा पर कई अहम क्षेत्रों पर कब्ज़ा किया हुआ है, बावजूद इसके प्रधानमंत्री संसद में 'कोई नहीं घुसा है' जेसा बयान देकर चीन को क्लीन चिट दे देते हैं।

महासचिव श्री वेणुगोपाल ने बताया कि कार्यसमिति की बेठक में ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा हुई और उस दौरान सामने आये तथ्य इस बात को पुष्ट करते हैं कि पाकिस्तानी सेना में चीनी सैन्य अधिकारियों और हथियार प्रणालियों की गहरी घुसपेठ हो चुकी है, जो भारत के लिये रणनीतिक खतरा है।

# बिहार के विकास में नरेंद्र मोदी उल्लेखनीय योगदान दे रहे है: नीतीश

भभुआ, एजेंसी।

बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि बिहार के विकास मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उल्लेखनीय योगदान दे रहे है और यह उनके सहयोग का ही परिणाम है कि बिहार मे विकास कार्यों की गति काफी तेज हो गई है।

कुमार ने आज भभुआ के जगजीवन मैदान मे एक जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार मे विकास के बहुत काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षो में 50 लाख युवाओ को नौकरियों तथा स्व रोजगार के अवसर मिले हैं और अगले पांच साल में सरकार ने एक करोड युवाओं को नोकरी तथा स्वरोजगार देने का लक्ष्य तय किया है।

मुख्य मंत्री में कहा कि बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत और निकाय चुनाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है जो महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की तरफ एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओ के सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

कुमार ने बिहार सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि 3 लाख 68 हजार नियोजित शिक्षको में से लगभग 2 लाख 54 हजार बिहार लोक सेवा आयोग से आयोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास कर चुके है।

# कला सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने का माध्यम : राष्ट्रपति मुर्मु

मोहम्मद अफसर

**नई दिल्ली,मेट्रो मीडिया।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने भारतीय परंपरा में कला को आध्यात्मिक साधना का माध्यम करार देते हुए कहा है कि कला न केवल सौंदर्यबोध का माध्यम है बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और संवेदनशील समाज के निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी है। श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार समारोह में भाग लिया।



■ राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि कलाकार कला सृजन के लिए अपना समय, ऊर्जा और संसाधन लगाते हैं।

राष्ट्रपति ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनका काम अन्य कलाकारों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में कला को लंबे समय से आध्यात्मिक साधना माना जाता रहा है। उन्होंने कहा, कला न केवल सौंदर्यबोध का माध्यम है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और एक अधिक संवेदनशील समाज के निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि कलाकार अपने विचारों, दृष्टि और कल्पना के माध्यम से नए भारत की छवि प्रस्तुत कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि कलाकार कला सृजन के लिए अपना समय, ऊर्जा और संसाधन लगाते हैं। उनकी कलाकृतियों का उचित मूल्य कलाकारों और कला को पेशे के रूप में अपनाने के इच्छुक लोगों को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा यह अच्छी बात है कि ललित कला अकादमी कलाकारों की कलाकृतियों की बिक्री को प्रोत्साहित कर रही है। इससे कलाकारों को वित्तीय सहायता मिलेगी और रचनात्मक अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कला प्रेमियों से आग्रह किया कि वे न केवल कलाकृतियों की सराहना करें, बल्कि उन्हें अपने साथ घर भी ले जाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी को आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के रूप में भारत की पहचान को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

# तमिलनाडु सरकार ने कलैमामणि पुरस्कारों की घोषणा की

**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को वर्ष 2021, 2022 और 2023 के लिए प्रतिष्ठित कलैमामणि और प्रसिद्ध कर्नाटक गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी (एमएसएस) पुरस्कारों की घोषणा की। प्रसिद्ध गायक के जे येसुदास को एमएसएस पुरस्कार से लिए चुना गया है। तमिलनाडु इयाल इसाई नाटक मंद्रम द्वारा प्रदान किए जाने वाले ये पुरस्कार साहित्य, संगीत और रंगमंच के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिये जाते हैं। उल्लेखनीय है कि एमएस सुब्बुलक्ष्मी पुरस्कार संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकार को दिया जाता है। इस वर्ष पुरस्कार के लिए पद्म भूषण गायक डॉ. के.जे. येसुदास के नाम की घोषणा की गई है।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

रांची, एजेंसी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इनमें शिक्षा, सिंचाई, ऊर्जा, उपभोक्ता हित, महिला सुरक्षा और पुनर्वास जैसी योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को अत्याधुनिक संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 98 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई। राज्य में अफीम और मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश के लिए पांच जिलों रांची, चतरा, जमशेदपुर, खूंटी और हजारीबाग में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटांस) थाना खोलने के प्रस्ताव को केबिनेट में मंजूरी दी गई। पलामू में शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने के लिए 774.55 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। इस परियोजना से पलामू और लातेहार जिले में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मंडल डेम परियोजना से प्रभावित सात गांवों के 780 परिवारों का पुनर्वास किया जाएगा। राज्य में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए चाईबासा, दुमका और बोकारो में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर नए स्कूल भवन बनाए जाएंगे।

## एक नजर

### असम सरकार ने विवाद के बीच श्यामकानु महंता पर कार्रवाई की

**गुवाहाटी,एजेंसी।** लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग के अंतिम संस्कार के एक दिन बाद बुधवार को असम सरकार ने श्यामकानु महंत और उनसे जुड़े किसी भी संगठन को असम में कोई भी समारोह या उत्सव आयोजित करने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने लिखा, राज्य सरकार किसी भी ऐसे कार्यक्रम को वित्तीय अनुदान, विज्ञापन या प्रायोजन प्रदान नहीं करेगी।

# जाति आधारित रैलियों पर प्रतिबंध यूपी सरकार का तानाशाही आदेश: इकरा हसन

शामली, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश में जाति आधारित रैलियों और वाहनों पर जाति के उल्लेख पर प्रतिबंध लगाए जाने से सियासत तेज हो गई है। कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने इस फैसले पर प्रदेश सरकार की आलोचना की। उन्होंने विरोध जताते हुए इस फैसले को तानाशाही आदेश करार दिया। समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने आईएएनएस से खास बातचीत के दौरान कहा कि यह एक तानाशाही आदेश है जो उत्तर प्रदेश सरकार लोगों पर थोप रही है। यह स्पष्ट रूप से उनकी घबराहट को दर्शाता है।

क्योंकि इस समय कोई भी समुदाय या समूह सरकार से खुश



नहीं है। ये नियम हमारे देश की संस्कृति और सुंदरता के खिलाफ हैं। भारत 'विविधता में एकता' के लिए जाना जाता है, और इस देश में ऐसे आदेश जारी करने से कई लोगों की भावनाएं आहत होंगी, जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्हों्ने आगे कहा कि पीडीए उत्तर प्रदेश में इतनी तेजी से बढ़ रहा है, जिसका परिणाम हमने 2024 के आम चुनाव में देखा। इनको सबक सिखाने के लिए हर वर्ग, हर पीड़ित पीडीए के साथ जुड़ता जा रहा है।

# कर्नाटक सरकार ने अधिकारियों की सरकारी विदेश यात्राओं पर लगाया प्रतिबंध

**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी अधिकारियों की सरकारी विदेश यात्राओं पर दिसंबर 2025 तक प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारी विदेशों में अध्ययन या शोध करके लोटने के बाद आवश्यक सुझाव रिपोर्ट जमा नहीं कर पा रहे थे। इसी मामले में कड़ा रूख अपनाते हुये यह कदम उठाया गया है। कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा 23 सितंबर को जारी नोटिस में कहा गया है कि विदेशी यात्राओं पर यह प्रतिबंध अगले नोटिस के आने तक जारी रहेगा। नोटिस में कहा गया है कि जिन अधिकारियों ने अगस्त 2024 से जुलाई 2025 तक विदेश यात्राएं की थीं।

# कैलाश पर्वत पर टूटा रावण का घमंड, भगवान राम का हुआ जन्म

नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।

राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित फरीदाबाद शहर की श्रद्धा रामलीला के मंचन के पहले दिन कैलाश पर्वत पर रावण का अहंकार चूर होने, नंदी द्वारा उसका उपहास उड़ाए जाने, शिव तांडव स्तोत्र की रचना, और रावण के भगवान शिव से चंद्रहास खड़ग प्राप्त करने जैसे दृश्यों का भव्य मंचन किया गया।

शिव के रूप में अंकित मुखीजा, पार्वती के रूप में अंकिता, रावण के रूप में श्रवण चावला और नंदी के रूप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग के पूर्व कलाकार नेत्रपाल शर्मा ने उत्कृष्ट अभिनय किया। निर्देशक अनिल चावला के अनुसार, मंचन के पहले



दिन राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म, राजा जनक और रानी सुनेना के यहां सीता जी के जन्म से संबंधित दृश्यों का भी मंचन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार के ऋषि वशिष्ठ से मिलने, और फिर दशरथ के बाण से मारे जाने जैसे दृश्य भी दिखाए गए। इसके अलावा वेदवती के प्राण त्यागने, रावण को शाप देने तथा राक्षसों द्वारा ऋषियों को सताए जाने और घड़े में उनका रक्त एकत्र करने जैसे दृश्यों का भी मंचन किया गया। दर्शकों ने श्रवण के रूप में कशिश चावला, वेदवती के रूप में योगंधा वशिष्ठ और सुनेना के रूप में सोनिया शर्मा के अभिनय की काफी सराहना की। दिल्ली से रामलीला देखने पहुंचे रोहित मलिक ने बताया कि वेदवती, रावण, श्रवण और वशिष्ठ ऋषि की भूमिका निभाने वाले कलाकारों का अभिनय सराहनीय था।


## महत्वपूर्ण सूचना

### दो नई वंदे भारत रेल सेवाओं का शुभारम्भ

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा जोधपुर–दिल्ली कैंट और बीकानेर–दिल्ली कैंट स्टेशनों के बीच दो नई वंदे भारत रेल सेवाओं के शुभारंभ का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**26481/26482 जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 26481 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 26482 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:25 | जोधपुर | 23:20 | -- |
| 06:28 | 06:30 | मेड़ता रोड जं. | 21:39 | 21:41 |
| 06:58 | 07:00 | डेगाना जं. | 21:09 | 21:11 |
| 07:28 | 07:30 | मकराना जं. | 20:39 | 20:41 |
| 08:35 | 08:37 | फुलेरा जं. | 19:53 | 19:55 |
| 09:25 | 09:30 | जयपुर जं. | 19:00 | 19:05 |
| 11:18 | 11:20 | अलवर जं. | 17:08 | 17:10 |
| 12:13 | 12:15 | रेवाड़ी जं. | 16:20 | 16:22 |
| 13:00 | 13:01 | गुड़गांव | 15:22 | 15:25 |
| 13:30 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 15:10 |

चलने के दिन: **26481** जोधपुर से और **26482** दिल्ली कैंट से दिनांक 27.09.2025 से (मंगलवार छोड़कर प्रतिदिन)
स्थान: एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान व कुर्सीयान

**26471/26472 बीकानेर जं.-दिल्ली कैंट-बीकानेर जं. वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 26471 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 26472 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:40 | बीकानेर जं. | 23:05 | -- |
| 06:29 | 06:31 | श्री डूंगरगढ़ | 21:41 | 21:43 |
| 07:10 | 07:12 | रतनगढ़ जं. | 20:58 | 21:00 |
| 07:45 | 07:50 | चुरू जं. | 20:20 | 20:25 |
| 08:35 | 08:37 | सादुलपुर जं. | 19:35 | 19:37 |
| 09:15 | 09:17 | लोहारु जं. | 18:59 | 19:01 |
| 09:47 | 09:49 | महेन्द्रगढ़ | 18:29 | 18:31 |
| 11:20 | 11:22 | गुड़गांव | 17:02 | 17:04 |
| 11:55 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 16:45 |

चलने के दिन: **26471** बीकानेर जं. से और **26472** दिल्ली कैंट से दिनांक 28.09.2025 से (बुधवार छोड़कर प्रतिदिन)
स्थान: एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान व कुर्सीयान

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2949/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# देसी तमंचों के लिए देसी गोलियां बनाने वाला गिरफ्तार

इंद्र वशिष्ठ,

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में 315 बोर के अवेध कारतूस/गोली बनाने की फेक्ट्री का पर्दाफाश किया है। दिल्ली पुलिस द्वारा अवैध यानी देसी कारतूस बनाने की फेक्ट्री पहली बार पकड़ी गई है।

पुलिस ने 7 देसी पिस्तौल/तमंचे/कट्टे, 315 बोर के 210 देसी कारतूस, 607 कारतूस के खोखे/खोल, पीतल की 20 छड़ें , बुलेट लीड्स, गन पाउडर, लेथ मशीन,औजार आदि सामान बरामद किया हैं।

इस मामले में अवैध कारतूस बनाने में माहिर इलियास (65) निवासी मुरादाबाद शहर, अवैध तमंचे/ कारतूस बेचने वाले फाजिल



(50) निवासी मुरादाबाद और जमीर(57) निवासी रामपुर को गिरफ्तार किया गया।

स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि एक सूचना के आधार पर एसीपी कैलाश बिष्ट की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील तेवतिया की टीम ने 22 सितंबर को फाजिल को गाजीपुर, दिल्ली से पकड़ा। उसके पास से 4 देसी तमंचे और 166 कारतूस बरामद हुए। फाजिल से पूछताछ के आधार पर रामपुर यूपी से जमीर को 20 कारतूस के साथ पकड़ा गया। जमीर से पूछताछ पर मुरादाबाद शहर निवासी इलियास को गिरफ्तार किया गया।

इलियास से 3 देसी पिस्तौल/ तमंचे बरामद हुए। स्पेशल सेल ने मुरादाबाद पुलिस की मदद से इलियास की फेक्ट्री पर छापा मारा। वहां से 315 बोर के देसी कारतूस, कारतूस बनाने का सामान, मशीन आदि मिली।

डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि इलियास 20-25 साल से अवेध कारतूस बनाने का धंधा कर रहा है। वह अवेध कारतूस 5 मिनट में बना लेता है। पश्चिम उत्तर प्रदेश, दिल्ली, एनसीआर में वह अब तक हजारों अवेध कारतूस बना कर बेच चुका हैं।

मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना की पुलिस उसे चार बार (आर्म्स एक्ट के दो, हत्या की कोशिश और गेंगस्टर एक्ट के मामलों में) गिरफ्तार भी कर चुकी है। लेकिन जेल से बाहर आते ही वह फिर से अवेध कारतूस बनाने का धंधा शुरू कर देता है।

इलियास से कारतूस जमीर खरीद कर फाजिल को बेचता था फाजिल दिल्ली एनसीआर में बेचता था। इलियास को एक कारतूस बनाने की लागत करीब 40-45 रुपये आती थी जिसे वह दोगुना कीमत पर आगे जमीर आदि को बेचता था।

# कांग्रेस किसानों को और भाजपा जनता को धोखा देती है: रामाराव

हैदराबाद, एजेंसी।

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने बुधवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) पर जमकर निशाना साधा और कहा कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार किसानों को धोखा दे रही है, जबकि केंद्र की भाजपा सरकार आम आदमी की कमर तोड़ रही है। रामाराव ने कहा कि यूरिया की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने वाले किसानों को ₹थर्ड-डिग्री टॉर्चर₹ देना रेवंत रेड्डी के बेशर्म शासन का सबूत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि यह हास्यास्पद है कि पिछले 08 वर्षों में मनमाने जीएसटी स्लेब के तहत लोगों से 15 लाख करोड़ रुपये लूटने के बाद अब वह बिहार चुनाव के लिए स्लेब कम कर रहे हैं और लोगों से जश्न मनाने के लिए कह रहे हैं।

करीमनगर के प्रमुख डॉक्टर ऑटेला रोहित रेड्डी और डॉ. गोगुला गौतमी रेड्डी (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ) यहां तेलंगाना भवन में केटीआर की उपस्थिति में बीआरएस में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि सत्ता में महीनों बिताने के बाद भी राज्य की कांग्रेस सरकार ने एक भी सार्थक काम नहीं किया है। उन्होंने कहा रेवंत रेड्डी की सरकार बेशर्म है तथाकथित किसान घोषणापत्र के एक भी वादे को पूरा करने में विफल रही है।

# रिम्स में डॉक्टरों के आंदोलन स्थगित करने के बाद चिकित्सा सेवाएं बहाल

**इंफाल,एजेंसी।** इंफाल स्थित क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) में शिक्षक एवं चिकित्सा अधिकारी संघ (टीएएमओए) द्वारा अपना आंदोलन स्थगित करने के बाद चिकित्सा सेवायें आज बहाल हो गयी। डायग्नोस्टिक सेंटर और अस्पताल इकाइयां भी आज खुल गई जिससे प्रभावित मरीजों को राहत मिली।

टीएएमओए ने कहा कि यह निर्णय रिम्स की आम सभा द्वारा प्रस्तुत सुझावों और राय की विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है जिसमें चिकित्सा, नर्सिंग, गैर-शिक्षण कर्मचारी, रेजिडेंट डॉक्टर और छात्र शामिल हैं।

संबोधन — खेल महाकुंभ सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को पंख देने का मंच है

# सरकार का लक्ष्य हरियाणा को विश्व की खेल राजधानी बनाना: सीएम सैनी

पंचकूला, एजेंसी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को न केवल देश का बल्कि विश्व की खेल राजधानी बनाना है और सरकार ने पिछले वर्षों में खेलों के लिए एक विजन विकसित किया है, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को खेल से जोड़ना, हर गांव में खेल का मैदान बनाना और हर उस युवा को अवसर देना है जिसमें खेल के प्रति ललक है।

मुख्यमंत्री पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के द्वितीय चरण के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे



थे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का आह्वान किया। मौके पर खेल मंत्री गोरव गोतम भी मोजूद रहे। सैनी ने कहा कि खेल महाकुंभ सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को पंख देने का मंच है। यह उस भावना का प्रतीक है जो हरियाणा को खेलों में नंबर वन बनाती है।

उन्होंने बताया कि 2017 में स्वर्ण जयंती वर्ष पर शुरू हुए इस आयोजन के तहत अब तक पाँच खेल महाकुंभ हो चुके हैं। पहले चरण में 26 खेलों में 15,410 खिलाड़ी शामिल हुए थे, जबकि दूसरे चरण में 9,959 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2036 के ओलम्पिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य रखा है।

उस समय हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। सरकार का सपना है कि हर गांव से एक ऐसा खिलाड़ी निकले, जो विश्व मंच पर भारत का परचम लहराए। मुख्यमंत्री ने बताया कि खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए प्रदेश में 1,489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं, जिनमें 37,225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। आठ से 14 वर्ष आयु वर्ग को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग को 2000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। प्रशिक्षकों को 25 हजार रुपये मानदेय मिलता है।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने हेतु उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 लागू किए गए हैं, जिसके तहत 550 पद बनाए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पेरिस पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता आठ खिलाड़ियों को 42 करोड़ रुपये और 31 प्रशिक्षकों को तीन करोड़ 56 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। साथ ही राष्ट्रीय खेल-2025 के स्वर्ण पदक विजेताओं, 75 उत्कृष्ट खेल नर्सरियों के प्रभारी और 75 उत्कृष्ट कोच को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।


**MORNING GLORY LEASING AND FINANCE LIMITED**
CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

SEBI has allowed opening of a special window to facilitate re-lodgement of transfer requests of physical shares lodged prior to the deadline of April 1, 2019 and rejected /returned due to deficiency in the documents [SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 2 , 2025] .The re-lodgement window shall remain open for a period of six months i.e. from July 7, 2025 till January 6, 2026.

Investors whose transfer deeds were lodged prior to April 2019 and rejected / returned due to deficiency in documents may contact the Company's Registrar and Transfer Agent (RTA), Bigshare Services Pvt. Ltd. Unit: Morning Glory Leasing and Finance Limited., 302 Kushal Bazar ,32-33, Nehru Place, New Delhi -110019 Tel No.+011-42425004, email: bssdelhi@bigshareonline.com or the Company at email morninggloryleasing@gmail.com for further assistance.

The shares that are re-lodged for transfer shall be issued only in demat mode.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Raman Kumar
(Company Secretary)

Place : New Delhi
Date : September 24,2025